"जानिये-ब्राहमांड के परोपकारक को"

Know Your

Rahmatul-lil-Aalamin

(Mercy for the Universe)

Muhammad T. Kaifi

‘बिस्मिल्लाह’ उच्चारण करने के वरदान

1. कोई भी कार्य शुरू करने से पहले ‘बिस्मिल्लाह’ उच्चारण करें, अल्लाह उस कार्य से अच्छा परिणाम मिलने का वरदान देगा ।
2. अपने कठिन दौर के समय ‘बिस्मिल्लाह’ से शुरू करें तो शैतान सामने नहीं टिक पाएगा ।
3. किसी घर में प्रवेश करने से पहले तथा घर से बाहर निकलते समय ‘बिस्मिल्लाह’ उच्चारण करें तो बुरी आत्मा (शैतान) से सुरक्षा प्राप्त होगी ।
4. यदि खाना खाने से पहले ‘बिस्मिल्लाह’ पढ़ोगे तो शैतान आपके साथ नहीं खायेगा ।

The Blessings of Reciting “Bismillah”

1. Recite before every action and Allah will bless goodness in that action.
2. Recite at times of hardship and shaitan will flee (defeat shaitan)
3. Recite before entering the house and out home will be protected from the entering shaitan.
4. Recite before eating and shaitan will have no space next to you.

- All rights reserved. No part of this book may be reproduced or transmitted in any form or by any means, electronic or mechanical, including photocopying or any information storage without written permission from its compiler.
- Any dispute arising shall be under the purview of Delhi Jurisdiction only.
- Please be a part of this noble work by conveying your comments via e-mail or by post to its publisher.

Kaifi4u2002@yahoo.co.in / mdpf2007@gmail.com

Minority Development and Protection Foundation

E-33,1ST Floor, Street No- 06, Abul Fazal Enclave-2
Shaheen Bagh, Jamia Nagar, New Delhi-110025

Note:- The Publication of this volume which costs Rs. 1050/- is for free distribution, but a Hadiya (donation) of any amount will be most welcome as it will contribute to monetary resources of "Minority Development & Protection Foundation (MDPF)" in helping the weaker sections of the minority in various ways, particularly in making the infrastructure of the educational institutions running under the aegis of the foundation for their children more effective.

First edition printed in May 2016
Second revised edition printed in October 2017
by
Wonders India Enterprises
2074, 2nd Floor, Nahar Khan Street, Daryaganj
New Delhi, Mob: 9811200621
Email: wondersindiaenterprises@gmail.com

- जब वह किसी महिला के दरवाज़े के सामने से गुज़रते थे तो वह उनके ऊपर कूड़ा फेंका करती थी। एक दिन जब वह महिला बीमार पड़ी तो मुहम्मद (सल्ल०) उसको देखने उसके घर गए।

- अल्लाह ने हर पैग़म्बर को एक दुआ कुबूल करने का वचन दिया है। और हर पैग़म्बर ने इस दुआ को दुनिया में ही अपने लिए मांग लिया है, सिवाए मेरे, मैंने इसे बचा कर रखा है अपनी उम्मत के लिए। और मैं इसे आख़िरत के दिन मांगूंगा और मेरी दुआ होगी "ऐ अल्लाह मेरी उम्मत को माफ़ कर दे"।

- उनके साथी सताए गए, परिवार के सदस्यों की हत्या हुई, उनके ख़िलाफ बहिष्कार, दुश्मनों की एकजुटता उनसे लड़ाई के लिए और अनगिनत अन्य आज़माइश.............

पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०)......कौन हैं?

Who is Prophet Muhammad (pbuh) ?

- A woman used to throw trash at him when he passed by her house. He went To visit her when she got ill.

- Allah has given one Dua to every single Prophet. That HE has guaranteed that HE will respond to. And every single Prophet has used up this Dua for himself in this world, except for me. I have saved it and I will not use it in this life. I have Kept it for my Ummah and I will use it for them on the day of judgment. And my Dua will be, O Allah, forgive my entire Ummah.

- His companions were persecuted, Family members murdered, boycotts sanctioned against him, His enemies united to fight Him, Faced countless other trials.



leil.k

मैं अपने स्वर्गीय पिता और शिक्षक **l;n egEen tghj vkye** को यह पुस्तक समर्पित करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ जिनका धार्मिक विचार से भरा जीवन हमेशा ही मेरे लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है।

Dedicated

I feel honored to dedicate this book to my late father and spiritual teacher **Syed Mohammad Zaheer Alam** whose righteous life has always been a source of inspiration for me.

I hope you are in heaven in the company of angels showering your blessings on your beloved ones here and waiting to be in their company once again on the day of judgement.

ALLAH'S BOOK

Allah has revealed His Books to various Prophets for the guidance of their nations. As Muslims we Must Believe in all these Holy Books.

The four main Books that were revealed are:

Arabic Name	English Name	Prophets (Pbut)
Tauraat	Torah	Musa
Zabur	Psalms	Dawood
Injeel	Gospel	Isa
Quran	Quran	Muhammad



Chapter's Index

Chapter	Title
Chapter- I	A Chronology of the life of Prophet Muhammad (pbuh)
Chapter-II	What the Quran says about Prophet Muhammad ?
Chapter- III -IV	Jigsaw of Jihad; Women's Status And Rights In Islam
Chapter-V	Prophecies of Prophet Muhammad (pbuh)
Chapter-VI	Thoughts of the (Eminent Non- Muslim Scholars about Prophet Muhammad (pbuh)
Chapter-VII	Quran and Environmental Pollution
Chapter- VIII- IX	Holy Quran: - A brief introduction; What is the hadiths?
Chapter-X	Maiden Constitutional Document of Islam (Charter of Madina)
Chapter-XI	What Are the Five Foundations of Islam?
Chapter-XII-XIII	The pact of Hilful Fuzul; Prophet Muhammad's (pbuh) Charter of Privilage to Christians
Chapter-XIV-XV	Last Sermon of Prophet Muhammad (pbuh); Comments of eminent personalities about the book



Contents

The following are a few very useful pages containing very authentic information that must be read by all truth seekers to preserve unbrainwashed devotion to Islam.

आमुख	11
Preface	19
प्राक्कथन	27
Forward	29
Chapter – I	
प्रस्तावना	33
पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की संक्षिप्त जीवनी	35
Introduction	51
A Chronology of the life of Prophet Muhammad	53
Chapter – II	
प्रस्तावना	79
पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) के बारे में जो कुछ कहा गया	81
Introduction	93
What the Quran says about Prophet Muhammad ?	95
What the Hindu Scriptures say about Prophet Muhammad ?	97
What the Bible says about Prophet Muhammad ?	105
Chapter – III	
प्रस्तावना	113
जिहाद का संक्षिप्त वर्णन	115
Introduction	125
Jigsaw of Jihad	127
Chapter – IV	
प्रस्तावना	139
इस्लाम में महिलाओं की स्थिति और उनके अधिकार	141
Introduction	149
Women’s Status And Rights In Islam	151
Chapter – V	
प्रस्तावना	161
पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की भविश्यवाणियाँ	163
Introduction	175
Prophecies of Prophet Muhammad	177
Chapter – VI	
प्रस्तावना	193
Introduction	195

Thoughts of the (Eminent Non- Muslim Scholars
about Prophet Muhammad) 197

प्रसिद्ध गैर–मुस्लिम विद्वानों द्वारा पैग़म्बर मुहम्मद 205

Tribute Paid To Prophet Muhammad (pbuh)
and the holy Quran By Various Luminaries 209

Chapter – VII

प्रस्तावना 351

कुरान और पर्यावरणीय प्रदूषण 353

Introduction 359

Quran and Environmental Pollution 361

Chapter – VIII

पवित्र कुरानः– एक संक्षिप्त परिचय 369

Holy Quran: - A brief introduction 377

Chapter – IX

हदीस क्या है? 387

What is the hadiths? 391

Chapter – X

प्रस्तावना इस्लाम का प्रथम संवैधानिक दस्तावेज (मदीने का चार्टर) 395

Introduction Maiden Constitutional Document of Islam (Charter of Madina) 403

Chapter – XI

इस्लाम की पाँच मुख्य बातें क्या क्या हैं ? 409

What Are the Five Foundations of Islam? 419

Chapter – XII

हिलफुल–फुजूल का समझौता 427

The pact of Hilful Fuzul 433

Chapter – XIII

पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) का ईसाइयों के लिए विशेषाधिकार का चार्टर 435

Prophet Muhammad's (pbuh) Charter of Privilage to Christians 437

Chapter – XIV

ख़ुत्बा ए हज्जतुल विदा 438

Last Sermon of Prophet Muhammad 439

Chapter – XV

क्या आप जानते हैं ? 442

Do you know 443

किताब के बारे में बुद्धिजीवियों की टिप्पिणियां 446

Comments of eminent personalities about the book 447



"वे कहते हैं न्यू यॉर्क शहर कभी नहीं सोता है, शायद उन्होंने मक्का (काबा) अभी तक नहीं देखा है"



"They say New York city never sleep, perhaps they have not seen the Makkah (Kabah) yet"

आमुख

अल्लाह के नाम से, जो बड़ा कृपालु, अत्यन्त दयावान् है।

इस पुस्तक के माध्यम से मैंने पाठकों को पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) के उस अदि़तीय व्यकितत्व से परिचित कराने का प्रयास किया हैं। जिसके सभी मतों के मानने वाले और उनके कट्टर विरोधी भी गवाह हैं। निष्ठा भाव से टेलीवीजन, गूगल, पत्रिकाओं में छपी हुई कहानियों और इस्लाम और पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०)के विरोधियों के किस्सों और उनकी कथाओं से प्रभावित होकर मैंने इस पुस्तक में यह सब एकत्रित किया है। कुछ ऐसे व्यक्ति है (जैसे विंस्टन चर्चिल, सलमान रूश्दी, मार्को पोलो, जॉन क्विंसी एडमस, प्रो० बी रसल, ब्रिगिट गौबिएल, जिलन्डस पोस्टन, चार्ली हेबड़ो, खुशवंत सिंह, डा० बी० आर० अम्बेडकर) जिनके दृष्टिकोण और विचार अत्यन्त अदभुत असत्य और तथ्यों से परे हैं, जैसा कि निम्नलिखित ने पाया हैः–

पंडित ज्ञानेन्द्र देव शर्मा, गोरखपुर (भारत) में 1928 की एक बैठक में

''वे पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) के गुणों की बजाय अवगुणों को देखते हैं, अच्छाई की बजाय बदसूरती को निहारते हैं, उल्टे सीधी तस्वीरें पेश करते हैं और प्रत्येक अच्छाई को एक बड़ी बुराई के रूप में प्रस्तुत करते हैं, स्वयं अपनी अनैतिकता को दर्शाते हैं, आलोचना करने वाले व्यक्ति अंधों के समान व्यवहार करते हैं, वे यह नहीं देख सकते कि मुहम्मद (सल्ल०)ने सिर्फ ऐसी तलवार का उपयोग किया जो दया, अनुकम्पा, मैत्री और क्षमा से युक्त थी, वह ऐसी तलवार थी जो शत्रुओं पर विजय पाती थी और उनके हृदय को पवित्र बनाती थी, उनकी तलवार लोहे की बनी किसी तलवार से अधिक पैनी थी''

दि जेनुइन इस्लाम खण्ड 1, सं 08, 1936

''वह पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) अभी तक धरती पर जन्मे किसी भी व्यक्ति से कहीं अधिक असाधारण व्यक्ति थे। उन्होंने धर्म का पाठ पढ़ाया, सत्य की नींव रखी, एक राष्ट्र का निर्माण किया, (मोरल कोड बुक) का निर्माण किया, कई सामाजिक और राजनीतिक सुधारों की शुरूआत की, उन्होंने अपनी शिक्षाओं को व्यवहार में लाने और उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए एक शक्तिशाली और गतिशील समाज की स्थापना की और मानवीय सोच समझ और व्यवहार में आने वाले सभी काल के लिए पूर्ण तथा क्रान्तिकारी मार्ग दिखाया''

बलबीर सिंह, पत्रकार, "नवान हिन्दुस्तान" दिल्ली, नवम्बर 1947

''पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) ने अपने ही व्यक्तियों के साथ संघर्ष करने की बजाय विस्थापित होने को प्राथमिकता प्रदान की, किन्तु जब विरोध सहनशक्ति से काफी अधिक होने लगा तो आत्मरक्षा के लिए तलवार का सहारा लिया, जो व्यक्ति इस बात में विश्वास करता है कि धर्म का बलपूर्वक प्रचार–प्रसार किया जा सकता है, वह व्यक्ति मूर्ख होता है, न तो धर्म को जीने का मार्ग समझता है और न ही इस दुनिया के मार्ग को समझता है। उन्हें अपने विश्वास पर गर्व होता है क्योंकि ऐसे व्यक्ति सच्चाई से काफी परे होते हैं''

"मुझे मत बताओ कि तुम कितने शिक्षित हो, मुझे बताओ कि तुमने शिक्षा का कितना उपयोग किया है"

पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०)
Prophet Muhammad (pbuh)

“Don’t tell me how educated you are, tell me how much you travelled”

ज्यूल्स मैसामैन, टाइम्स पत्रिका जुलाई 1974

“नेता ऐसा होना चाहिए जो तीन प्रकार के कार्य करें – अपने अधीन चलने वाले लोगों का कल्याण करे, ऐसा सामाजिक संगठन उन्हें उपलब्ध कराये जिसमें जनता तुलनात्मक रूप से स्वयं को सुरक्षित महसूस करे तथा उन्हें विश्वास का एक केंद्र उपलब्ध कराये। पाश्चर और साल्क जैसे व्यक्ति पहले साक्ष्य से नेता थे, दूसरी तरफ गांधी और कन्फयूशियस जैसे व्यक्ति थे। इसके अलावा एलेक्जेन्डर सीजर और हिटलर जैसे दूसरी और शायद तीसरी सोच के नेता थे। जिसस और गौतम बुद्व सिर्फ तीसरी श्रेणी के नेता थे, “शायद सभी काल समयों में मुहम्मद (सल्ल०) सबसे बड़े महान नेता रहे जिन्होंने तीनों प्रकार के कार्य किये”

राष्ट्रपति क्लिंटन, जनवरी 2000

“इस्लाम में ऐसा बहुत कुछ है जिससे विश्व सीख ले सकता है। अब विश्व का प्रत्येक चौथा व्यक्ति इस्लाम धर्म का पालन कर रहा है”

इनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका, 12वां प्रकाशन

“पहले के स्रोतों में दिए गए व्यापक ब्योरे यह दर्शाते हैं कि मुहम्मद (सल्ल०) एक ईमानदार और धार्मिक व्यक्ति थे जिन्होंने उन अन्य व्यक्तियों से आदर और सम्मान पाया जो उन्हीं की तरह ईमानदार और धार्मिक व्यक्ति थे”

सभी धर्म विश्वास और मानवता को शान्तिपूर्वक, मेलमिलाप और दोस्ताना जीवन यापन करने का संदेश देते है

बाइबिल में कहा गया है :–

“तुम अपने पड़ोसी से उतना प्रेम करो जितना तुम उससे चाहते हो। इससे अच्छा कोई संदेश नहीं हो सकता हैं”

ekd! 12%29&31

तोरा कहता है :–

“तू लोगों के बच्चों से प्रतिकार नहीं करेगा और न ही उनसे ईर्ष्या करेगा किन्तु अपने पड़ोसियों से उतना ही प्रेम करेगा जितना कि उससे चाहते हो”

yfcLVhd l 19%18

गीता में आया है :–

“मैं सभी जीवों में एक समान हूँ। मैं न तो बैर मानता हूँ और न ही किसी का पक्षधर हूँ। किन्तु जो प्रेम से मेरी सेवा करते हैं वे मेरे मन में बसते है और मैं उनके हदय में वास करता हूँ। यदि कोई व्यक्ति पूरी निष्ठा से अत्यन्त मंगलमय तरीके से भी मेरी आराधना करता है तो उसे सदाचारी समझा जाता है। ऐसा व्यक्ति शीघ्र ही पवित्र आत्मा बन जाता है और शाश्वत आनन्द को प्राप्त होता है”

xhrk IX

सिक्ख धर्म में कहा गया है :–

“सिक्खों के सदाचार के भंडार में प्रेम अत्यन्त शक्तिशाली यंत्र है। गुरबानी हमको बताती है कि वाहेगुरू ‘प्रेम का भगवान’ है” और वह हमें अनुकंपा और दयाकृपा से परिपूर्ण होने और उसके हुकुम और इच्छा से जीवन निर्वाह करने और अनुकम्पा और मानवता के धर्म का पालन करने की शिक्षा देता है”।

“जिन प्रेम कियो तिन ही प्रब पायो” (केवल वे ही ईश्वर को प्राप्त करेंगे जो प्रेम करते हैं)

गुरू गोविन्द सिंह

"मत सोचो लोग तुम्हारे बारे में क्या सोचते हैं क्योंकि फैसले के दिन अल्लाह इसका फैसला करेगा"

मुहम्मद टी कैफ़ी

"Don't worry what others think about you because on the day of resurrection, Allah will be judging you"

Muhammad T Kaifi

कन्फयूशियस कहता है :–

''कन्फयूशियस ने कहा कि केवल कोई अच्छा आदमी ही अपने हृदय से जानता है कि किस प्रकार के लोगों को पसन्द किया जाता है, किस प्रकार से उनसे घृणा की जाती है, और जिस प्रकार के हृदय में थोड़ी सी भी अच्छाई है वह किसी से भी घृणा नहीं करेगा''

कन्फयुशियस एनालेक्ट (**4.3-4**)

कुरान **में कहा गया है** :–

"तुम्हें उन व्यक्तियों को माफ कर देना चाहिए और उनकी बुराई पर ध्यान नहीं देना चाहिए। क्या तुम नहीं चाहते कि अल्लाह तुम्हें माफ़ करें ? अल्लाह ही है जो दयालु है और माफ करता है'' ।

कुरान सूरा (**24:22**)

सभी धर्म यह शिक्षा देते हैं कि व्यक्तियों को अपने अनुयाइयों से प्रेम करना चाहिए। अच्छा बनो, अच्छा देखो और अच्छा करो ।

आम भाषा में नास्तिक व्यक्ति भी शान्ति, मेलमिलाप और दोस्ती करने में विश्वास करता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना इसी विश्वास का परिणाम है।

इस्लाम और पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) के आलोचक इसलिए आलोचक हैं क्योंकि वास्तव में उन्हें इस बात का भय है कि इस्लाम उस झूठ को पकड़ सकता है जिसका पोषण और प्रचार ऐसे व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है जो कामुकता, भौतिक और भौतिकवादी सुख के पाश में जकड़े हुए हैं।

मेरा धर्म मेरे लिए बहुमूल्य है अतः मैंने पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) के आदर्शों और विभिन्न तथ्यों को सच्चाई पूर्वक तथा आदरपूर्वक प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। अतः मैंने अन्तर्राष्ट्रीय विशेषकर मुस्लिम देशों की यात्राएं की और इस्लामिक पुस्तकों के माध्यम से जीवन, विश्वास और दर्शन शास्त्र के क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों के विचारों का अध्ययन करके विस्तार से खोजबीन की।

इस पुस्तक का उद्देश्य इस्लाम में जिहाद की अवधारणा, इस्लाम में महिलाओं का उद्धार और स्थिति, कुरान और पर्यावरणीय प्रदूषण, कुरान और हदीस का संक्षिप्त विवरण, मानवाधिकार की घोषणा, जिसका इस्लाम में वास्तव में आशय है, मदीना का चार्टर, (जिसमें इस्लाम का संवैधानिक दस्तावेज अंतर्निहित है) ईसाइयों को विशेषाधिकार प्रदान करने वाला चार्टर और पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की ऐसी भविष्यवाणियों को प्रस्तुत करना है जो परीक्षण में खरी उतरी हैं और त्रुटिहीन हैं।

यदि मैं अपनी पत्नी श्रीमती जौली सबीना को धन्यवाद ज्ञापित न करूं तो मेरा आभार प्रकट करना अधूरा रह जायेगा। मैं अपनी पत्नी के सहयोग के बिना इस कार्य को पूरा नहीं कर पाता।

मैं अपने उपदेशक श्री मोहम्मद शकीलुल्लाह खान का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने केवल इस पुस्तक को संकलित करने में अपनी रूचि दिखाई बल्कि कठिन मुद्दों पर बहुमूल्य सूचनाएं उपलब्ध कराई और इस पुस्तक के संकलन में मद्द की।

मैं अपने बड़े भाई श्री मोहम्मद टी सैफ़ी को भी आदरपूर्वक धन्यवाद कहना चाहूँगा जिन्होंने न केवल इस पुस्तक के प्रथम प्रारूप का आलोचानात्मक दृष्टि से अध्ययन किया बल्कि इस पुस्तक को पूरा करने के लिए मेरी इच्छा की सरहाना की।

मैं अपने सहयोगियों, मित्रों, भाई – बहनों एवं उनके बच्चों और सहोदरों का भी घन्यवाद करता हूँ जिनका इसमें कहीं नाम नहीं है परन्तु उनके निरन्तर और सार्थक प्रोत्साहन से यह पुस्तक लिख पाना सम्भव हो पाया है।

पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०)
Prophet Muhammad (pbuh)

बीमार को देखने जाएँ
Visit the sick

भूखे को खाना खिलाए
Feed the hungry

बंदी को मुक्त कराएं
Free the captive



यदि मैं अपनी स्वर्गीय नानी बीबी उमत्तुल फातिमा को असीम धन्यवाद न दूं तो यह नाइंसाफी होगी क्योंकि मेरे प्रारम्भिक पढाई लिखाई के समय में उनकी सहायता के बिना मेरे लिए इस्लाम के उत्कृष्ट नियमों का निंरतर ज्ञान प्राप्त करना और उन्हें बड़े पैमाने पर मानवता के कल्याण के लिए अपनी पूरी शक्ति भर प्रचारित करने के सपने को पूरा कर पाना सम्भव नहीं था।

अंत में मैं अपनी माता जी बीबी नूरजहाँ आलम से आशीर्वाद की कामना करता हुँ क्योंकि उनकी शुभकामनाओं और अल्लाह की मर्जी के बिना मैं इस पुस्तक की रचना नहीं कर पाता। अल्लाह इस अच्छी पुस्तक को स्वीकार करें।

एक विश्वविख्यात यू एल सी ए (ULCA) समाजशास्त्री और भौतिक विज्ञान शास्त्री जेयर्ड डायमंड जिन्होंने अपनी पुस्तक 'गन्स, जर्म्स एंड स्टील' के लिए पुलित्जर पुरस्कार प्राप्त किया था, उनके मूल्यांकन के अनुसार मध्यकालीन इस्लाम तकनीकी तौर पर उन्नत था तथा नई नई खोज के लिए जाना जाता था। इस्लाम ने समसामयिक यूरोप की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक उच्च साक्षरता दर प्राप्त की थी। इसने परम्परागत ग्रीक सभ्यता की परम्परा को उस सीमा तक आत्मसात किया कि कई परम्परागत पुस्तकें केवल अरबी में लिखी गई प्रतियों के माध्यम से अब हमें ज्ञात है । इस्लाम ने पवनचक्कियों, त्रिकोणमिति, तिकोणपाल जलयानों की खोज की और धातुकर्म विज्ञान, यांत्रिकी, रसायन अभियांत्रिकी और सिंचाई की विधियों की खोज की दिशा में अगुवाई की। मध्यकाल के समय यूरोप से इस्लाम की ओर के बजाय इस्लाम से यूरोप की ओर तकनीकी का प्रभाव उल्लेखनीय था। केवल 1500 वर्ष पश्चात यह प्रवाह विपरीत दिशा में हो गया । यदि हम इस विश्व का नागरिक बनने के बारे में सोचें तो यह हमारा कर्तव्य है कि हम इस महान धर्म और विचारधारा के बारे में जानने का थोड़ा प्रयास करें जिसने इस मानवता पर राज किया। शायद विश्व में कोई अन्य ऐसी पुस्तक नहीं है जो 12 शताब्दियों तक मूल पाठ में कोई बदलाव किए बिना क़ायम रही हो। पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) एक ऐतिहासिक हस्ती हैं और उनके जीवन और उनके कार्यों को रहस्य में छिपा कर नहीं रखा गया है।

सच यह है कि आज के समय की सभी प्रकार की समस्याएं , कुरान और उसकी व्याख्या में अपनी मनमानी करने (इस्लाम के मतावलबियों सहित) के कारण हैं। पवित्र कुरान मानवता का एक मात्र विधान है, जिसमें किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया जा सकता है। प्रत्येक विधान में समय के साथ–साथ कुछ न कुछ जोड़ने या उसमें से कुछ न कुछ हटाने की आवश्यकता पड़ती है । परन्तु पवित्र कुरान हर समय के लिए सटीक है और अंत तक ऐसी ही रहेगी।

या अल्लाह मरते वक़्त कलमा तैय्यबा पढ़ना नसीब फरमाना

मुहम्मद टी कैफ़ी

"ग़ुलामी और भुखमरी दोनों ही प्रकृति के हिस्से हैं। ग़ुलामी से हिंसा उत्त्पन्न होती है, और जो ग़ुलामी और भुखमरी को समाप्त करने की बात करते हैं वो विद्वान नहीं बल्कि अपनी अल्पसोच को दर्शाते हुए ग़ुलामी और भुखमरी के शिकार लोगों का मज़ाक़ उड़ाकर दूसरे को मुर्ख बनाते हैं। ये दोनों चीज़ें दुनिया रहने तक समाप्त होने वाली नहीं है। इसमें समयनुसार कमी / बढ़ोतरी आ सकती है"

मुहम्मद टी कैफ़ी / Muhammad T Kaifi

"Slavery and famine both are there since ever; slavery breeds violence. And those who talk of doing away with these are not intellectuals. Instead, because of their unfounded thinking, they make fun of the victims of slavery and famine and befool others. These two are there since ever and will remain for ever"



Preface

In the name of Allah the great beneficent and most merciful

Through this book I have made a humble effort to acquaint its readers with the incomparable personality of Prophet Muhammad (pbuh) to which the followers of all faiths and even his staunch opponents bear testimony. To be candid enough what inspired me for a compilation like this are the myths floated by such instruments as TV, Google, magazines and the antagonists of Islam and the prophet (pbuh) which depict Islam and the prophet Muhammad (pbuh) quite contrary to the truth and facts as observed by:

Pandit Gyanandra Dev Sharma Shastri, at a meeting in Gorakhpur, India. 1928) "They (Muhammad's critics) see fire instead of light, ugliness instead of good. They distort and present every good quality as a great vice. It reflects their own depravity… the critics are blind. They cannot see that the only 'sword' Muhammad wielded was the sword of mercy, compassion, friendship and forgiveness – the sword that conquers enemies and purifies their hearts. His sword was sharper than the sword of steel"

The Genuine Islam, Singapore, Vol.1, No.8, 1936 "He was by far the most remarkable man that ever set foot on this earth. He preached a religion, founded a state, built a nation, laid down a moral code, initiated numerous social and political reforms, established a powerful and dynamic society to practice and represent his teachings and completely revolutionized thoughts and behaviour for all times to come"

Balbir Singh, a journalist in "Nawan Hindustan," Delhi, November 1947 "He (Prophet Muhammad, pbuh) preferred migration to fighting his own people, but when oppression went beyond the pale of tolerance he took up his sword in self-defense. Those who believe religion can be spread by force are fools, they neither know the ways of religion nor the ways of the world. They are proud of their belief because they are a long, long way away from the truth"

Jules Masserman, in the Times Magazine, July 1974, "A leader must fulfill three functions-provide for the well-being of the led, provide a social organization in which people feel relatively secure, and provide them with one set of beliefs. People like Pasteur and Salk are leaders in the first sense. People like Gandhi and Confucius, on one hand and Alexander, Caesar and Hitler on the other, are leaders in the second and perhaps the third sense. Jesus and Buddha belong to the third category alone.

"किसी की कमी को तलाश करने वाले की मिसाल उस मक्खी की तरह है जो सारा खूबसूरत जिस्म छोड़ कर सिर्फ ज़ख्म पर ही बैठती है"

हज़रत अली / Hazrat Ali

"One who takes delight in finding fault of others in like that fly which looks for the wound in a healthy bod "



Perhaps the greatest leader of all times was Mohammad, who combined all three functions. To a lesser degree, Moses did the same.

Hillary Clinton, Los Angeles Times, May, 1996

"Islam is the fastest growing religion in America, a guide and pillar of stability for many of our people"

President Clinton, January 2000

"There is much that the world can learn from Islam. It is now practiced by one of every four people on earth"

The Encyclopedia Britannica (12th edition)

"A mass of detail in the early sources show that (Mohammad) was an honest and upright man who had gained the respect and loyalty of others who were like-wise honest and upright men"

All the religious and the faiths command humanity to live in peace, harmony and friendship.

The Bible says:

Thou shalt love thy neighbor as thyself. There is none other commandment greater than This. (Mark 12:29-31 Bible)

The Torah says:

Thou shalt not avenge, nor bear any grudge against the Children of the people, But Thou shalt love thy neighbor as thyself. (Leviticus 19:18 Torah)

The Gita says:

I am the same to all creatures; I know not hatred nor favour; but those who serve me with love dwell in me and I in them. Even if the man of most evil ways worship me with exclusive devotion, he is to be considered as righteous. Such a man soon becomes a righteous soul and obtains perpetual happiness. (Gita-ix)

The Sikhism says:

Love is a very powerful tool in the Sikh arsenal of virtues. Gurbani tells us that Waheguru is a "Loving God" and exhorts us to be full of compassion and kindness and to live in His Hukam, "Will", and to practice compassion and humanity.

"Jin prem keyo tin hee prab paeyo" (Only those who have love, will attain God) (Guru Govind Singh Ji)

The Confucianism says

" Of the edage, only a Good man knows how to like people, knows how to dislike them, Confucius said, He whose heart is in the smallest degree set upon goodness will dislike no one." (Analects , 4.3-4)

The Quran says:

And you should forgive and Overlook: do you not like Allah to forgive you? And Allah is The Merciful Forgiving. (Surah 24:22 Quran)

"हज़रत आयशा ने कहा की तुम से अगर कोई आदमी यह कहे की मुहम्मद (सल्ल०) ने अल्लाह को देखा है और आप ग़ैब (अनदेखी) की ख़बर जानते है तो वह झूठा है। अल्लाह फ़रमाता है की ग़ैब (अनदेखी) का इल्म अल्लाह के सिवा कोई नहीं जानता है"

हज़रत आयशा / Hazrat Aisha

“Hazrat Aish asaid, if anyone tells you that Prophet Muhammad (pbuh) has seen his lord, he is a liar, for Allah says‘ no vision can grasp him and if anyone tells you that Prophet Muhammad (pbuh) has seen the unseen, he is aliar, for Allah says: none has the knowledge of the unseen but Allah”



All religions preach that man should love his fellow beings and all the creation. All religions exhort the people to, "BE GOOD, SEE GOOD AND DO GOOD.”

As a matter of fact even an atheist believes in peace, harmony and friendship. The establishments of bodies like the UNO are an outcome of this belief.

The criticism of Islam & Prophet Muhammad (pbuh) and everything related to it is actually based on the fear that it may overtake the falsehood which is being nourished and propagated by the people who have been overtaken by carnal, physical and material pleasures.

It may not the out of place to mention here that the present hue and cry about beef is also an off shoot of this very situation. Pork and wine are forbidden in all the religions emphatically whereas there are no such specific instructions about beef. Then why only the issue of beef should be highlighted so loudly, particularly in our country.

My religion being precious to me, I decided to present the Prophet Mohammad (pbuh) and various facts in a true and respectable manner. Hence I made international tours especially to Muslim world and did a thorough research going through a number of Islamic books, and studying the observations of various luminaries from various walks of life, faith and philosophy. **This book aims at presenting that Islamic concept of Jihad, Women’s emancipation and status, Quran and environmental pollution & UN human rights declaration which Islam really means along with such prophecies of the Prophet Muhammad (pbuh) as may testify and vindicate it.**

I shall be lacking in gratitude if I don’t extend a word of thanks to my better half, **Jolly Sabina**, without whose care it would not have been possible for me to remain well while burning the midnight oil for this work.

I am grateful to my mentor **Mr. Mohammad Shakeelullah Khan** not only for his interest in compiling this book but also for sharing valuable information and elucidation of different points and help in framing this book.

As a mark of respect, I would like to extend my sincere thanks to my elder brother, **Mr. Mohammad T Saifi,** not only for reading the first draft of this book with a critical eye but also for motivating my passion to complete this book.

I also owe thanks to my colleagues, friends, siblings and their children who remain nameless, but whose constant and appreciative encouragement has made this book possible.

It would amount to injustice and thanklessness if I do not extend my gargantuan thanks to my late maternal grandmother, **Bibi Ummatul**

"ऐ अल्लाह! अगर मैं दूसरों को चोट पहुंचाऊं तो मुझे माफ़ी मांगने की हिम्मत दे और अगर कोई मुझे चोट पहुंचाए तो मुझे माफ़ करने की हिम्मत दे"

मुहम्मद टी कैफ़ी

" 'O' Allah, if I hurt others, give me the Strength to apologize. If people hurt me, give me the strength to forgive"

Muhammad T Kaifi

Fatima, without whose support, during my early educational phase, it would not have been possible for me to achieve my dream of remaining a perpetual learner of the exalted rules of Islam and propagating them all my life for the welfare of the humanity at large.

As per the evaluation of Jared Dimond, a renowned UCLA sociologist and physiologist who won the Pulitzer prize for his book **"Guns, Germs, and Steel"**, Medieval Islam was technologically advanced and open to innovation. It achieved far higher literacy rates than in contemporary Europe; it assimilated the legacy of classical Greek civilization to such a degree that many classical books are now known to us only through Arabic copies. It invented windmills, trigonometry, lateen sails and made major advances in metallurgy, mechanical and chemical engineering and irrigation methods. In the middle- ages the flow of technology was overwhelmingly from Islam to Europe rather from Europe to Islam. It is only after 1500 years did the flow began to reverse.

The truth is that all kinds of present day problems can be attributed to our waywardness (including the followers of Islam) from the universal constitution, the holy Quran and its elucidation, the Hadith. The holy Quran is the only constitution for the humanity which has never been subjected to any kind of amendment. Every constitution, due to change of time, needs some additions or deletions but the holy Quran has stood perfect for all times and shall remain the same till the end.

There are persons (Winston Churchill, Salman Rushdie, Marco Polo, John Quincy Adams, Prof. B Russell, Briggite Gabriel, Jyllands-Posten, Charlie Hebdo, Khushwant Singh, B R Ambedkar) whose views and ideas are quite surprising and different from the truth and facts.

Lastly, but not in the least I am fortunate to have the blessings of my mother, **Bibi Noor Jahan Alam,** without whose good wishes and the will of Almighty Allah I could not have produced this book.

'O' Allah make my last words
La Ilaha Illallah Muhamadur Rasulullah

Muhammad T Kaifi

"वह व्यक्ति मुस्लिम नहीं हो सकता जो इस्लाम को महान बनाता है यह इस्लाम ही है जो किसी व्यक्ति को महान बनाता है"

पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०)
Prophet Muhammad (pbuh)

"It is not Muslim who have made Islam great. It is Islam that has made the Muslim Great"

प्राक्कथन

मुहम्मद तशकील कैफ़ी के जीवन की कहानी किसी रंक से राजा बनने जैसी ही है। वह वैशाली जिला (बिहार) के महुआ नामक दूरवर्ती गांव में अपने दस भाइ–बहनों में तीसरे बच्चे के रूप में वह जन्मे। उनका जन्म एक ख़्याती प्राप्त विज्ञान के अध्यापक के घर में हुआ। उनकी माता एक सीधी साधी धरेलू महिला हैं। मुहम्मद कैफ़ी के जीवन की शुरूआत बहुत ही साधारण रूप में हुई। उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा अपने गांव में प्राप्त की, और अपने सीनियर सेकेंड्री स्कूल से शिक्षा ग्रहण करने के बाद देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग के उपरांत बाहर निकल गए ताकि अपने सपनों को साकार कर सकें। कुछ प्रारंभिक समय की बेरोज़गारी के उपरांत उन्होनें एक कंस्ट्रकशन कंपनी में नौकरी हासिल की और उसके बाद से उन्होनें कभी पीछे पलट कर नहीं देखा। उन्होंने बहुत जल्द अपनी ख़ुद की कंस्ट्रकशन कंपनी शुरू की और बड़ी मेंहनत और ईमानदारी के साथ अपने काम में लगे रहे। इस दौरान उन्होने मुख्य रूप से अल्पसंख्यक समाज के कमज़ोर वर्ग से जुड़े लोगों के उत्थान के लिए भी बराबर काम में जुटे रहे।

यह ग्रन्थ जानिये ब्रह्माण्ड के परोपकारक को उनके निरंतर कोशिशों का एक नतीजा है, जिसमें उन्होंने गहरा शोध किया ताकि लोगों को इस्लाम से संबन्धित विचारधारा से अवगत कराया जायें जिसे गलत राय और मिथ्यावादी सोच में छुपा दिया गया है।

इसमें थोड़ा भी संदेह नहीं है कि श्री कैफ़ी ने इस ग्रन्थ को संकलित करके बहुत से गुमराह और पूर्वाग्रही पश्चिम एवं पूर्व के देशों के उन बुद्विजीवियों के ग़लत विचारों का खंडन किया है जो अज्ञानी और ज़िद्दी हैं। शिक्षा में उनका असाधारण और विशिष्ठ अधिकार के कारण आधुनिक युग में उन्होंने मुस्लिम बुद्विजीवियों में मान्यता प्राप्त कर ली एवं यश अर्जित कर लिया है।

मैं इस आशय से आश्वस्त हूं कि यह ग्रन्थ हज़रत मुहम्मद (सल्ल०) के जीवन की सत्यपरक, प्रामाणिक,यथार्थ, परिशुद्व व्याख़्याा करेगा जो माइकल हर्ट के शब्दों में अपने समय से आज तक धार्मिक एवं धर्म निरपेक्ष स्तरों पर अत्याधिक सर्वश्रेष्ठ रूप से सफल हुए है।

सच्ची बात यह है कि यह ग्रन्थ एक अमूल्य शब्द कोष है उन पुष्पांजलियों का जो पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) को ग़ैर–मुस्लिम जगत के ख्याति प्राप्त एवं सत्यवादी विचार धारा रखने वाले महानुभावों ने प्रस्तुत की है।

प्रो० मुहम्मद ज़ियाउद्दीन शम्सी तेहरानी
अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़

"मुझे लगता है कि महिलाओं का पुरुष के बराबर मानना मूर्खता है, वो तो श्रेष्ट हैं और हमेशा पुरुषो से श्रेष्ट रहेंगी"

विलियम गोल्डिंग

"I think women are foolish to pretend they are equal to men, they are far superior and always been"

William Golding

Foreword

Mohammad T Kaifi's life trajectory is nothing less than rags to riches stories. Born as a third child among ten of his siblings in a remote village called Mahuwa, dist- Vaishali in the state Bihar (India) to a father, a reputed science teacher and mother, a simple home maker, Mohammad Kaifi had very humble beginning. He received his early education in the village itself and moved out after passing his senior secondary school to pursue his dream. After an initial period of straggling and being jobless, he finally secured a job in a construction company and since then there was no looking back for him. He soon started his own construction business and has been actively involved in the welfare and development programs for the weakers particularly Muslims. This book is the result of his relentless efforts by in- depth research to make the public aware of many Islamic concepts which are overcast with misconceptions and uniformed opinions.

There is not an iota of doubt that Mr. Kaifi, by compiling this book, has wiped the ideas of misguided and prejudiced intellectuals of east and west which were crude, dismissive and arrogant. Based on his exceptional and extra-ordinary skills in learning and focused self-study, he has earned the recognition of all his peers of Muslim luminaries in modern times. I hope that this book will provide an accurate and authentic knowledge of the life of the Prophet Muhammad (pubh), who, in the words of Michael H Hart, "has been supremely successful on all religious and secular levels" from his times till today.

Truly speaking, this book is an invaluable thesaurus of the floral tributes paid to Prophet Muhammad (pubh) based on the rightful thinking of the renowned personalities of the non Muslim world.

Prof. Hafiz Syed Ziauddin Shamsi Tehrani
A.M.U, Aligarh

"कुछ पथभ्रष्ट मुस्लिमों, जिन्हें मीडिया में हमेशा दिखाया जाता है, के व्यवहार को देखते हुए इस्लाम और पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) के बारे में कोई धारणा बनाना गलत होगा । ऐसा किसी ऐसी कार को ख़राब कहने के समान है जिसके चालक ने शराब पीकर उस कार को कुएं में धकेल दिया हो"

अज्ञात

"It will be wrong to judge Islam & Prophet Muhammad (pbuh) in the light of the behaviour of some bad Muslim who are always shown on the world media. It is like judging a car as a bad one if the driver of the car is drunk and he bangs it into the wall"

Anonymous

अध्याय–1

Chapter – I

पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की संक्षिप्त जीवनी

A Chronology of the life of Prophet Muhammad (pbuh)

"अगर तुम अच्छी तरह जान जाओ कि पैगम्बर (सल्ल०) ने तुम्हारे लिए क्या किया, तो तुम ज़रूर उनके प्यार में घिर जाओगे, उन्होंने न सिर्फ तुम्हारे लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए काम किया"

शेख हमज़ा



"If you knew what the prophet (pbuh) did For you, You would fall in love with him. Not just for yourself, But for humanity"

Shaikh Hamza

प्रस्तावना

श्रेष्ठ ऐतिहासिक व्यक्ति पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०)

क्या आप उस व्यक्ति के नाम का अनुमान लगा सकते हैं जिसके बारे में मैं आपको बताने जा रहा हूँ, जी हाँ, वह व्यक्ति जो अत्यन्त बचपन में ही अनाथ हो गए थे, किन्तु उन्होंने कभी भी स्वयं को अनाथ नहीं माना, इस व्यक्ति को एक अधेड़ उम्र की एक अमीर महिला, जो कि उनसे उम्र में 15 साल बड़ी थी, ने अपने पति के रूप में वरण किया और वह व्यक्ति उस महिला की मृत्यु हो जाने तक उसके प्रति निष्ठावान और विश्वास पात्र बना रहा। यह वह व्यक्ति थे जिसने बिना किसी भेदभाव के सुंदरता, साहस निडरता और प्यार पर बल दिया और सभी को आशीर्वाद प्रदान किया।

अग्रणी भूमिका में भी वह उन व्यक्तियों के प्रति भी दया का भाव रखते थे जिनके हाथों उनका सबसे अधिक नुकसान हुआ। यह उस व्यक्ति की प्रतिभा, चतुराई और परिश्रम का फल था जि. सने वहशी अरब वासियों को धर्म भीरु व्यक्ति और अनुकरणीय व्यक्तियों के रूप में बदल डाला। यह वह व्यक्ति थे जिसने महिलाओं को नारकीय जीवन से बाहर निकाला और स्वर्ग को उनके चरणों मे ला खड़ा किया। जी हाँ उनमें सभी दैवीय गुण मौजूद थे – वह है पूरी मानवता के लिए ज्ञान से पूर्ण पैग़म्बर, "पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) पिता अब्दुल्ला पिता अब्दुल मुत्तलिब पिता हाशिम पिता अब्दुल मुनाफ पिता कुसैइ पिता किलाब पिता मुर्रा पिता काअब पिता लुवई पिता ग़ालिब पिता फहार पिता मलिक पिता नादिर पिता कनाना पिता ख़ुज़ैमा पिता मुदरकाह पिता इलियास पिता मुदार पिता निज़ार पिता मआद पिता अदनान"। पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) ने जिस सिद्धान्त का प्रतिपादन किया उसका एक मात्र उद्देश्य संहिता और नैतिक उत्कृष्टता के आधार पर एक ईश्वर की आराधना के लिए पूरी मानवता को एक सूत्र में लाना है।

इस धरती पर मानवीय जीवन के आगमन के समय से पैग़म्बरों ने पवित्र पुस्तकों के साथ आना शुरू किया और अपने व्यक्तियों का पथ प्रदर्शन किया। आदम से लेकर मोसेस और जीसस तक वे सभी अपने अनुयायिओं के लिए फिरौन और उसके जैसे अन्य व्यक्तियों के ख़िलाफ़ थे। किन्तु हमारे प्रिय पैग़म्बर सम्पूर्ण मानवता और जिन्न की भलाई के लिए अवतरित हुए। मानवता के इतिहास में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है जिसके जीवन को इतना व्यापक तरीक़े से और सतर्कता पूर्वक प्रदर्शित किया गया हो।

पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) पर लाखों पुस्तकें लिखी गई हैं और निर्णय के दिन तक लगातार लिखी जाती रहेंगी।

वह ऐसे व्यक्ति थे जिहोंने जीवन की पवित्रता, विश्वास और न्याय, सार्वभौमिक समानता और मनुष्यों के वैश्विक भाईचारे के लिए अविचल होकर इस्लाम को धारण करके अपने विरोधियों के सामने डटे रहे। यहां तक कि अपने धुर विरोधियों को भी इस बात के लिए विवश किया कि वे उसे पूर्ण व्यक्ति के रूप में मान्यता दें।

पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) सम्पूर्ण मानवता के लिए दया का सूचक (रेहमत–उल–लील–आलमीन) थे। दैत्य (शैतान) के कुप्रभाव में हमारी स्वार्थ परायणता ही है जो मानवता के कुछ वर्ग को उसके द्वारा दिखाए गये मार्ग, इस्लाम (शांति) का मार्ग पर चलने से रोकती है और बाधित करती है।

"मुझसे पहले के पैग़म्बर और मैं उस व्यक्ति के समान हैं जिसने एक खूबसूरत भवन का निर्माण किया और उसे प्रसिद्धि दिलाई। इस भवन में पत्थर के एक कार्नर ब्लाक की कमी थी जिसके ईद गिर्द लोग चलते हैं, घूमते हैं। मैं पत्थर का वही ब्लाक हूँ, और मैं आख़िरी पैग़म्बर हूँ"

पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०)
Prophet Muhammad (pbuh)

''All the Prophets before me and I, are like a man who built a beautiful building and made it great, only it was missing a corner block of stone that made people walk around it and wonder. I am that block of stone, and I am the last prophet"



पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की संक्षिप्त जीवनी

अल्लाह मुझे माफ़ करे कि मैंने कुरान और हदीस को सीखने और समझने के पड़ाव पर ही पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) जैसे महान इन्सान का इतिहास लिखने का जोखिम उठाया और किसी तरह मुझे अल्लाह के पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) के जीवन का वर्णन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिनका अनुसरण पूरी दुनिया में फैले करोड़ों लोग करते हैं। हर दिन करोड़ों बार उनका नाम बड़ी निष्ठा के साथ दुआओं में दोहरया जाता है। और न्याय के दिन तक (जिसे खड़े होने का दिन, अलग होने का दिन, पहचान होने का दिन और जागने का दिन भी कहा जाता है।) दोहराया जाता रहेगा।

जब उनका प्रादुर्भाव हुआ, अरब देश में मरुस्थल के सिवाए कुछ नहीं था। उस माहौल में एक नया विश्व उमड़ कर आया जिसे पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की दृढ़ भावना, एक नए जीवन, एक नई संस्कृति, एक नई सभ्यता, एक नए साम्राज्य द्वारा घोषित किया गया, जो मोरक्को से लेकर भारत तक फलाफूला और जिसने तीन महादेश–एशिया–अफ्रीका–और यूरोप की विचारधारा और जीवनधारा को प्रभावित किया ।

सातवीं शताब्दी से वर्तमान समय तक वे पश्चिमी इतिहासकारों के सबसे सम्मानित व्यक्तित्व रहे हैं, वे अल्लाह के आखिरी पैग़म्बर और पवित्र ग्रन्थ "कुरान" के लाने वाले हैं, उनका नाम मुहम्मद का अर्थ "अत्यधिक प्रशंसित" है। पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) का जन्म मक्का (सऊदी अरब) नगर में 571 ई० में हुआ था। मक्का में सीरिया (शाम) का एक यहूदी दार्शनिक (फिलोस्फर) रहता था जो पुराने धर्म ग्रंथों का जाननेवाला था। वह कहा करता था कि "ऐ मक्का वालों बहुत जल्द यहाँ एक ऐसा बच्चा पैदा होगा, जो भी उसका साथ देगा और उसकी बात मानेगा वह कामयाब होगा जबकि उसके दुश्मन नाकाम होंगे" ।

धार्मिक किताबों से पता चलता है कि दुनिया में जितने भी पैग़म्बर आए, वे सभी अत्यधिक सम्मा. नित घरानों में पैदा हुए हैं। इसी तरह पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) अब्दुल्लाह–बिन–अब्दुल–मुत्तलिब के बेटे थे जो मक्का के बहुत ही सम्मानित व्यक्ति थे, अरब के सबसे बुद्धिमान लोगों में से एक तथा "कुरैश" कबीले की एक शाखा बनू –हाशिम के सरदार थे ।

पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) का बचपन बड़े दुःख में गुज़रा, उनके जन्म से कुछ हफ्ते पहले ही उनके पिता अब्दुल्लाह–बिन–अब्दुल–मुत्तलिब का देहांत हो गया, अरब के रीति–रिवाजों के अनुसार बच्चों को रेगिस्तान के खुले माहौल में परवरिश पाने के लिए देहाती इलाकों में भेज दिया जाता था। अतः जब पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) बहुत छोटे थे तभी देहात से कुछ औरतें "पालन पोषण के लिए" बच्चे लेने मक्का में आईं, उन्हीं में से एक औरत जिनका नाम हलीमा था जो हारिस–बिन–जुवैब की पत्नी और बनू–सअद कबीले से संबंधित थीं, उन्होंने पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) को परवरिश करने के लिए ले लिया था। उनके साथ वाली औरतें भी बहुत खुश थीं कि उन्हें बहुत मालदार घराने का बच्चा मिला है। लेकिन कौन जानता था कि जो बच्चा हलीमा ले जा रही है, वह मानव इतिहास का सबसे महान व्यक्ति बनने वाला है। अचानक हलीमा के पास दूध की मात्रा बहुत बढ़ गई। उनकी ऊँटनी जो देखने में बहुत कमज़ोर थी, तेज़ चलने लगी। जब हलीमा घर पहुंचीं तो उनकी बकरियों ने खूब दूध दिया। तब हलीमा यह बात समझ गईं जो बच्चा वह लाई हैं, वह मामूली नहीं बल्कि बहुत बरकतों (समृद्धि) वाला है। करीब 2 साल की परवरिश के बाद हलीमा को इस बच्चे पैग़म्बर मुहम्मद

पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०)
Prophet Muhammad (pbuh)

"जिस आदमी (मुस्लिम) की प्यारी चीज, मैंने (अल्लाह) इस दुनिया से उठा ली और उसने उस पर सब्र (धैर्य) रखा तो उसका बदला अल्लाह के यहाँ सिवाए जन्नत (स्वर्ग) के और कुछ नहीं है"

(सल्ल०) को उनके घर वापस भेजना था। शैमा, हलीमा की बेटी और पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की दूध शरीक बहन (पोषिता बहन) उनको जाता हुआ देखकर बहुत दुखी हुई और हलीमा पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) को उनकी माँ हज़रत आमिना (रजि०)–बिनते–वहब–बिन–मनाफ़–बिन–जोहरा के पास ले आईं। मगर वापस जाते समय पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) से अलग होने के ग़म में रोने लगी। हलीमा की इस बच्चे पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) के प्रति मुहब्बत देख कर पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की माँ हज़रत आमिना (रजि०) को उन पर दया आई, उन्होंने बच्चे पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) को दोबारा ले जाने की इजाज़त दे दी। हलीमा पैगम्बर मुहम्मद (सल्ल०) को वापस अपने कबीले बनू–सअद में ले आईं जो 'ताइफ़' के पास था। सीरत (पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की जीवनी की किताबों) से पता चलता है कि लगभग पाँच साल की उम्र में पैगम्बर मुहम्मद (सल्ल०) वापस मक्का आए और वहाँ एक साल तक अपनी प्यारी माँ हज़रत आमिना (रजि०) की मुहब्बत के साए में परवरिश पायी।

इसके बाद हज़रत आमिना पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) को अपने खानदान व रिश्तेदारों से मिलवाने के लिए मदीना ले गईं और वहाँ से लौटते समय "अल–अबवा" नामक स्थान पर हज़रत आमिना (रजि०) का देहांत हो गया।

अब पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) पूरी तरह से अनाथ हो गए। इसके बाद आपकी परवरिश आपके दादा अब्दुल–मुत्तलिब ने की, लेकिन दो साल बाद दादा अब्दुल–मुत्तलिब का भी देहांत हो गया। फिर पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की परवरिश उनके चचा अबु–तालिब ने की।

बचपन में पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) ने बकरियाँ चराने का काम भी किया, नौ या बारह साल की उम्र में आप अपने चचा के साथ सीरिया के तिजारती सफर पर भी गए। इसके बाद जवानी के दिनों में पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) ने अरब व सीरिया के बीच रास्ता बताने वाले (गाइड) के रूप में काम किया। जल्द ही पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) ने तिजारती काफिलों को रास्ता बताने और प्रबंध का काम शुरू कर दिया जिसके नतीजे में विभिन्न देशों एवं धर्मों के लोगों जैसे यहूदी, ईसाई आदि से उनके संबंध कायम हो गए।

पैगम्बर मुहम्मद (सल्ल०) की वैवाहिक जीवन और उनकी बीवियों की संख्या एक ऐसा विषय है जिस पर बहुत ही गलत और दुस्साहिक तरीक़े से आलोचना एवं टिप्पणियाँ की जाती रही हैं। यह बात पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) के आलोचकों को हैरान करने वाली है कि पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की कई बीवियाँ आर्थिक रूप से मजबूत थीं। लेकिन औरतों का सम्मान करने और उनके प्रति ऊंचे एवं शुद्ध विचार रखने की वजह से वे गौरव और सम्मान की बात समझती थीं। उनके आलोचकों में से कितने लोग ऐसा कर सकते हैं? जो पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) ने किया, उन्होंने 25 साल की उम्र में अपनी पहली शादी खुद से 15 साल बड़ी एक विधवा औरत से की और 25 साल तक केवल उन्हीं के वफादार पति बनकर कामयाब वैवाहिक ज़िन्दगी गुज़ारी और पहली बीवी की ज़िन्दगी में दूसरी शादी नहीं की। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हम दूसरों को अपनी सोच की खास छवि के अनुसार देखते हैं, ये वे लोग हैं जिनकी सोच कामुक अभिलाषाओं की तरफ आकर्षित होती है अतः वे औरत और मर्द के आपसी संबंध का आधार केवल भौतिक इच्छाओं को मानते हैं। 25 साल की उम्र में पैगम्बर मुहम्मद (सल्ल०) ने मक्का की एक मालदार विधवा औरत के यहाँ नौकरी करना शुरू की, जिनका नाम खदीजा–बिनते–खुवायलिद था जो मक्के की एक मुख्य कारोबारी महिला और पैगम्बर मुहम्मद (सल्ल०) से उम्र में 15 साल बड़ी थीं, उन्होंने ज़िन्दगी भर एक **CEO** के तौर पर तिजारती काफिलों का संचालन किया। पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) अपने अच्छे आचरण के लिए "अल–अमीन" (विश्वासपात्र) के नाम से भी जाने जाते थे। उन्होंने खुद पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) के पास शादी का पैग़ाम भेजा, और दोनों की शादी हो गई।

पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०)
Prophet Muhammad (pbuh)

"क़्यामत के दिन ईमानदार के तराज़ू में उसके अच्छे व्यवहार से ज्यादा कोई चीज़ वज़नी नहीं होगी। अच्छे व्यवहार वाला आदमी अपने व्यवहार की वजह से ही रोज़ेदार और नमाज़ी के दर्जे को पहुँच जाता है"

उन्होंने अपनी वैवाहिक ज़िन्दगी हर पहलू से बहुत कामयाबी और ख़ुशी से गुज़ारी। हज़रत ख़दीजा से पैगम्बर मुहम्मद (सल्ल०) के छः बच्चे हुए जिनमें दो बेटे और चार बेटियाँ थीं। सीरत (पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की जीवनी की बुनियादी किताबों) से पता चलता है कि अल्लाह ने हज़रत खदीजा (रजि०) के ज़रिए से पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की ज़िन्दगी को आगे बढ़ाया और हर पहलू से उनके भार को कम किया। हालाँकि उस समय बहु–विवाह करना एक आम बात थी फ़िर भी पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) ने हज़रत ख़दीजा (रजि०) की ज़िन्दगी में दूसरी शादी नहीं की। हज़रत ख़दीजा (रजि०) शादी के 24 साल बाद तक ज़िंदा रहीं। एक बार हज़रत ख़दीजा की मृत्यु के बाद उनका नैकलेस (गले का हार) पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) को दिखाई पड़ा, उसे देखकर पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) को हज़रत खदीजा (रजि०) की याद आ गई और पैगम्बर मुहम्मद (सल्ल०) बहुत उदास हुए, तो उनकी दूसरी बीवी हज़रत आइशा (रजि०) ने पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) से पूछा की क्या हज़रत ख़दीजा ही आपकी सबसे ज़्यादा मुहब्बत की हक़दार थीं ? पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) ने जवाब दिया, "उन्होंने मुझपर उस समय विश्वास किया जब किसी और ने नहीं किया, जब लोग मुझे झुठला रहे थे तब उन्होंने इस्लाम को अपनाया और मुझे सहारा दिया जब कोई सहारा देने वाला न था" जानकारी के अभाव के कारण लोग गलत एवं पक्षपात–पूर्ण बातें पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की शादियों के मामले से जोड़ते हैं। पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) ने जैसा कहा वैसा ही किया। वे अपने मानने वालों से बहु–विवाह के इसी नमूने के अनुसरण की उम्मीद करते थे। हज़रत आईशा (रजि०) को छोड़कर पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की सभी बीवियाँ या तो उम्र में उनसे बड़ी थी या विधवा थीं। औरत को अनावश्यक सामाजिक बंधनों से आज़ाद करने के लिए पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) के द्वारा किए गए कामों में से यह सबसे महत्वपूर्ण काम था क्योंकि औरत को विधवा के तौर पर बहुत ही कमतर, शर्मनाक और मुसीबत भरी ज़िन्दगी गुज़ारने के लिए मज़बूर किया जाता था। इसके विपरीत सामाजिक दर्जे, क्षेत्र और धर्म की परवाह किये बगैर समाज के विभिन्न तबकों से अच्छे संबंध बनाने के लिए पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) की एक बीवी ईसाई और एक यहुदी भी थी जो बाद में अपनी इच्छा से मुसलमान हो गई थी। इस तरह पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) ने हमारे लिए अपनी इन शादियों के ज़रिए से भले तरीके से औरतों और उनके सम्मान की हिफाज़त और दूसरे खानदानों और जातियों से अच्छे रिश्ते कायम करने का नमूना भी पेश किया। इस्लाम हमें व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से इस दुनिया और आख़िरत (परलोक) की भलाई के काम शांतिपूर्ण तरीक़े से करने का आदेश देता है क्योंकि इस्लाम चाहता है कि सब शांति और न्याय के साथ रहें। मुसलमानों को जंग की शुरुआत करने से रोका गया है, इन्हें केवल अल्लाह के रास्ते में कमजोरों, ग़ुलामों, औरतों और बच्चों को जुल्म से बचाने और इन्साफ दिलवाने के लिए सुरक्षात्मक जंग करने की इजाज़त दी गई है।

मुसलमानों को जंग के दौरान कुछ विशेष नियमों का पालन करने का आदेश भी दिया गया है जिन्हें किसी भी सूरत में तोड़ा नहीं जा सकता हैः–

1. मुसलमानों को आदेश दिया गया है की वे शोहरत, दौलत, जाति, और धर्म की भिन्नता के आधार पर जंग न करें।

2. वे किसी भी सूरत में औरतों, बच्चों, बूढ़ों और घायलों पर हाथ न उठाएं।

3. वे दुश्मन फौजियों को अपमानित न करें, उनके शरीर के अंग नाक, कान, आँख इत्यादि न काटें, फसल व पेड़–पौधों और खाने–पीने की चीज़ों को बर्बाद न करें, अन्याय और बेरहमी के किसी भी काम में संलिप्त न हों।

अब यह सवाल उठता है कि शांति के रखवाले इन मुसलमानों ने बहुत सी लड़ाइयाँ क्यों लड़ीं तो हमें इस बात पर ग़ौर करना चाहिए कि ये लड़ाइयाँ क्यों लड़ी गयीं ? इन जंगों और लड़ाइयाँ



"अच्छे काम जीवन को महान बनाते है। यह मत भूलो कि यह जीवन अस्थायी है। इसलिए जीवन के हर क्षण का उपयोग किया जाना जरूरी है। मौत आ जायेगी तो फिर कुछ भी नहीं रहेगा। न यह शरीर, न कल्पना, न आशा। हर चीज मौत के साथ दम तोड़ देगी"

आचार्य चाणक्य

वैयक्तिक एवं सामूहिक भलाई, शांति व न्याय और कमज़ोर व मजबूर लोगों की रक्षा के लिए लड़ी गयीं।

बद्र की जंग : मदीने में जब मुसलमान ताकतवर होने लगे तब मक्का में कुरैश वालों को अपने व्यापार मार्ग की फ़िक्र हुई जो मदीने के पास से गुज़र कर सीरिया को जाता था। अब उन्होंने मदीना वालों को धमकी देना शुरू किया और मदीना वालों को मक्का में उमरा (Minor Pilgrimage) अदा करने से रोक दिया। इस तरह की घटनाओं ने मुसलमानों को सीरिया जाने वाले व्यापार मार्ग पर कब्ज़ा करने और कुरैश और दूसरे दुश्मन कबीलों को अपनी चेतावनी दी। एक बार अबु–सुफ़यान के नेतृत्व में एक बड़ा काफ़िला, हिजरत करने वाले मुसलमानों के घरों से लूटा हुआ माल लेकर सीरिया से वापस आ रहा था, तो उन्हें डर हुआ की मुसलमान अपना माल छीनने की कोशिश करेंगे अतः उन्होंने मक्के से मदद माँगी, इस तरह के मुश्किल व चुनौती भरे हालात ने जंग की आग भड़का दी।

उहद की जंग : यह लड़ाई बद्र की जंग का नतीजा था, क्योंकि कुरैश अपनी पराजय से अभी तक तिलमिलाए हुए थे।

खंदक की जंग : कुरैश वालों और मदीने के यहूदियों ने मिलकर मुसलमानों के खिलाफ एक साज़िश की जिसके नतीजे में यह जंग हुई। इन दोनों ने मिलकर मुसलमानों को ख़त्म करने के मक़सद से मदीने पर चढ़ाई कर दी। इस्लाम और मुसलमानों को ख़त्म करने के लिए कुरैश की तरफ से यह आखिरी हमला था।

मोताअ की जंग : यह जंग इसलिए लड़ी गयी की बसरा के राजा शुहराबील ने (जो अरब ईसाई था) पैग़म्बर मुहम्मद (सल्ल०) के दूत हारिस इब्ने–उमैर को क़त्ल कर दिया था जो इस्लाम कुबूल करने का निमंत्रण लेकर उसके पास गए थे।

हुनैन की जंग : मक्का की विजय के बाद सारे अरब में तेज़ी से इस्लाम फैलने लगा लेकिन मक्का के पूर्व और दक्षिण–पूर्व की दिशाओं में कुछ ऐसे कबीले थे जो बुतपरस्ती को छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। वे इस्लाम की इस तरक्की से भयभीत हो गए। उन्होंने सोचा की अगर इस्लाम इसी रफ़्तार से फैलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब वे मुसलमानों के घेरे में होंगे और उनके जैसे विचार रखने वाले दूसरे कबीलों से भी कटकर रह जाएंगे। उनके सरदारों ने अनुमान लगाया की मुसलमानों को अपनी ताक़त एकत्रित करने और अपनी स्थिति को मजबूत करने का मौका देना बड़ी बेवकूफी होगी। तब उन्होंने मक्का में मुसलमानों पर अचानक हमला करके उन्हें खत्म कर डालने का फैसला किया।

